आकाशवाणी केन्द्र शिमला
27.10.2025/प्रादेशिक समाचार/1800 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वित्त वर्ष 2025–26 की बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। वे आज शिमला में बजट घोषणाओं के कार्यान्वयन के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, खाद्य प्रसंस्करण, हरित ऊर्जा, पर्यटन, डाटा स्टोरेज और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि विकासात्मक परियोजनाओं के लिए राज्य सरकार के पास धन और संसाधनों की कोई कमी नहीं है। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को दिसंबर माह तक अपना कार्य पूरी तरह डिजिटल करने के निर्देश दिए।

विक्रमादित्य

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि प्रदेश सरकार द्वारा शहरी क्षेत्रों के साथ–साथ ग्रामीण इलाकों में हर पंचायत का समान विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। वे आज शिमला शहर के साथ लगती चायली पंचायत में चायली–खुरद सड़क के शिलान्यास अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि चायली से बस अड्डा शिमला तक प्राइवेट टैक्सी लगाई जाएगी, ताकि लोगों को सुविधा मिल सके। इस दौरान विक्रमादित्य सिंह ने चायली में सामुदायिक भवन बनाने की घोषणा की।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 आज से मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य देश में सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को बढ़ावा देना और भ्रष्टाचार मुक्त समाज का निर्माण करना है। इस सप्ताह का विषय है, सतर्कता – हमारी साझा ज़िम्मेदारी। प्रदेश में भी सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। आकाशवाणी शिमला के परिसर में कर्मचारियों व अधिकारीयों ने आज सतर्कता जागरूकता शपथ ग्रहण की। सूचना व प्रसारण मंत्रालय के उप–सचिव बृजेश गोदरा की उपस्थिति में आकाशवाणी व दूरदर्शन केन्द्र हिमाचल प्रदेश के कलस्टर हैड व उपमहानिदेशक कश्मीर सिंह ने सभी को भ्रष्टाचार की रोकथाम और उसके विरुद्ध लड़ाई में सामूहिक रूप से भाग लेने के लिए सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार–मुक्त समाज के निर्माण के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता को बढ़ावा देना बेहद जरूरी है और इसके लिए समाज व कार्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम जरूरी है।

प्रतियोगिता

सोलन स्थित ऐतिहासिक ठोडो मैदान में आज से शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित चार दिवसीय अंडर–19 खेलकूद प्रतियोगिता आरम्भ हुई। इस प्रतियोगिता का शुभारम्भ शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने किया। प्रतियोगिता में प्रदेशभर से 5 सौ 50 खिलाड़ी भाग ले रहे है। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का भरसक प्रयास कर रही है और 84 स्कूलों को सीबीएसई से जोड़ा जा रहा है ताकि निजी व सरकारी स्कूलों के अंतर को कम किया जा सके।

दृष्टिहीन

दृष्टिबाधित जन संगठन अपनी मांगों को लेकर पिछले दो वर्षों से आंदोलनरत हैं। शिमला के कालीबाड़ी में ये लोग पिछले 7 सौ 4 दिनों से धरने पर बैठे हुए हैं और दृष्टिबाधितों ने आज शिमला स्थित सचिवालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। दृष्टिहीन जन संगठन के सचिव राजेश ठाकुर ने बताया कि वह विभिन्न विभागों में खाली पड़े दृष्टिबाधित कोटे के बैकलॉग पदों को एकमुश्त भरने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार से कई दौर की वार्ता भी हो चुकी है, लेकिन अभी तक सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आए हैं, जिसके चलते

दृष्टिहीन संघ धरने के साथ कई बार चक्का जाम कर चुका है।

---------------------------------------------------------------------------------------------